Disclaimer : This content is not created or owned by Info Edge (india) Limited

# UP BOARD QUESTION PAPER - 2025

## CLASS - 12

## SUBJECT : ECONOMICS

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

निम्नलिखित प्रश्नों के केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:

1. निम्नलिखित में से कौन सत्य है? जब सीमान्त उपयोगिता ऋणात्मक हो जाती है तब,

(A) कुल उपयोगिता ऋणात्मक हो जाती है ।

(B) कुल उपयोगिता घटती है।

(C) कुल उपयोगिता शून्य हो जाती है ।

(D) कुल उपयोगिता बढ़ती है, परन्तु धीमी गति से ।

2. निम्नलिखित में से कौन सत्य है? कुल परिवर्तनशील लागत बराबर होती है :

(A) औसत परिवर्तनशील लागत × मात्रा

(B) औसत परिवर्तनशील लागत / मात्रा

(C) सीमान्त परिवर्तनशील लागत × मात्रा

(D) सीमान्त परिवर्तनशील लागत / मात्रा

3. एक मिश्रित अर्थव्यवस्था में उत्पादन और उपभोग सम्बन्धी निर्णय लिए जाते हैं:

(A) मात्र केन्द्रीय सरकार द्वारा

(B) मात्र राज्य सरकारों द्वारा

shiksha

(C) केन्द्र एवं राज्य सरकारों, दोनों द्वारा

(D) सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों द्वारा

4. 'यदि अन्य बातें स्थिर रहें तो, मुद्रा पूर्ति में वृद्धि मूल्य स्तर में वृद्धि कर देगी।' उपरोक्त कथन सम्बन्धित है:

(A) आदर्शक अर्थशास्त्र से

(B) धनात्मक अर्थशास्त्र से

(C) व्यष्टि अर्थशास्त्र से

(D) उपरोक्त सभी से

5. निम्नलिखित में से कौन सत्य है? पूर्ण-प्रतियोगी बाजार में होती है:

(A) औसत आगम (AR) = सीमान्त आगम (MR)

(B) औसत आगम (AR) > सीमान्त आगम (MR)

(C) औसत आगम (AR) < सीमान्त आगम (MR)

(D) औसत आगम (AR) = कुल आगम (TR)

6. निम्नलिखित में से कौन सत्य है? निवल निवेश बराबर होता है :

(A) सकल निवेश - लागत के

(B) सकल निवेश - मूल्यह्रास के

(C) सकल निवेश - सीमान्त निवेश के

(D) सकल निवेश - शुद्ध लाभ के

shiksha

7. निम्नलिखित में से कौन असत्य है? भारत की स्वतन्त्रता के समय (1947) एक भारतीय रुपया बराबर होता था :

(A) चार चवन्नी

(B) दो अठन्नी

(C) चौसठ पैसे

(D) सौ पैसे

8. एक बन्द अर्थव्यवस्था के लिए, निम्नलिखित में से कौन 'राष्ट्रीय आय का तादात्म्य' प्रस्तुत करता है?

(A) Y = C + I + G

(B) Y = C + I + G + X

(C) Y = C + I + G + (X - M)

(D) Y = C + I + G + NX

9. निम्नलिखित में से कौन भुगतान सन्तुलन के पूँजी खाते का अवयव नहीं है ?

(A) विदेशी ऋण

(B) विदेशी निवेश

(C) विदेशी प्रेषण

(D) विदेशी सहायता

10. यदि किसी देश की राष्ट्रीय आय (Y) रु 100 करोड़ से बढ़ती है और राष्ट्रीय उपभोग (C) रु 80 करोड़ से बढ़ता है, तो बचत की सीमान्त प्रवृत्ति होगी :

shiksha

(A) 0.2

(B) 0.8

(C) 2.0

(D) 8.0

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

11. 'उच्चतर तटस्थता वक्र, उच्च स्तरीय सन्तुष्टि को प्रदर्शित करता है।' व्याख्या कीजिए।

12. सामान्य वस्तु एवं निम्न स्तरीय वस्तु में भेद कीजिए।

13. उत्पादन के विभिन्न साधन और उनको दिए जाने वाले पारितोषिक क्या है?

14. उन तीन कारकों का वर्णन कीजिए जो किसी फर्म के पूर्ति वक्र को प्रभावित करते हैं।

15. बाज़ार मूल्य पर जी. डी. पी. और जी.वी.ए. में क्या सम्बन्ध है?

16. 'प्रभावी माँग' बिन्दु किसे कहते हैं ?

17. सरकारी बजट के 'राजस्व व्यय' और 'पूँजी व्यय' में भेद कीजिए ।

18. विदेशी विनिमय की पूर्ति को प्रभावित करने वाले विभिन्न तत्त्व क्या हैं ?

shiksha

(लघु-उत्तराच)

19. तटस्थता वक्र में, प्रतिस्थापन की ह्रासमान सीमान्त दर के नियम की चित्र सहित व्याख्या कीजिए।

20. औसत आगम (AR), सीमान्त आगम (MR) तथा कुल आगम (TR) की व्याख्या कीजिए ।

21. वस्तु-विनिमय प्रणाली की चार बुराइयों का वर्णन कीजिए ।

22. स्वायत्त विनियोग क्या है और अर्थव्यवस्था में इसकी क्या भूमिका है ?

23. भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

24. भुगतान सन्तुलन के चालू खाते के विभिन्न अवयवों का वर्णन कीजिए ।

**(विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न)**

25. उपभोक्ता के सन्तुलन के विश्लेषण में प्रयुक्त 'सम-सीमान्त उपयोगिता नियम' की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

मॉंग से आप क्या समझते हैं? मॉंग के निर्धारक-तत्त्वों का वर्णन कीजिए ।

shiksha

26. 'पैमाने के प्रतिफल' के नियमों की सचित्र व्याख्या कीजिए ।

अथवा

भारत में, राष्ट्रीय आय की विभिन्न अवधारणाओं का वर्णन कीजिए ।

27. 'पूर्ण प्रतियोगी बाजार' की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। इस प्रकार के बाजार में मूल्य निर्धारण की व्याख्या कीजिए।

अथवा

माँग और पूर्ति वक्र के ऊपर की ओर खिसकने का, संतुलन कीमत और मात्रा पर प्रभाव की विवेचना कीजिए।

shiksha